लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4731

22 दिसम्बर, 2014 को उत्तर के लिए

सेल द्वारा खनन कार्य

†4731. श्री राम मोहन नायडू किंजरापु:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण ने आन्ध्र प्रदेश सहित देश में खनन कार्य किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त प्रयोजन के लिए अधिगृहीत की गई भूमि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सेल स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करती है जिनकी भूमि अधिग्रहीत की जाती है;

(घ) यदि हां, तो संयंत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) सेल द्वारा देश में इसके द्वारा छोड़ी गई खानों के पुनर्व्यवस्थापन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

इस्पात और खान राज्य मंत्री **श्री विष्णु देव साय**

(क) और (ख) : सेल झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल राज्यों में लौह अयस्क, लाईमस्टोन, डोलोमाईट और कोयला खानों का प्रचालन कर रहा है। सेल द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य में कोई खनन प्रचालन नहीं किया जा रहा है। इस प्रयोजन से अधिगृहित की गई भूमि के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं:

क्र.सं.	खान	राज्य	अधिगृहित भूमि एकड़ में
1	गुआ लौह अयस्क खान	झारखंड	89.73
2	मनोहरपुर लौह अयस्क खान (चिरिया)	झारखंड	339.88
3	बोलानी लौह अयस्क खान	ओडिशा	124.29
4	बरसुआ लौह अयस्क खान	ओडिशा	742.70
5	कालटा लौह अयस्क खान	ओडिशा	89.56
6	राजहारा लौह अयस्क खान	छत्तीसगढ़	2535.07
8	कुटेश्वर लाईमस्टोन खान	एमपी	101.36
9	भवनाथपुर लाईमस्टोन एंड तुलसीदामर डोलोमाईट खान	झारखंड	2131.94
10	पुरानापानी लाईमस्टोन एंड डोलोमाईट क्वारी	ओडिशा	752.82
11	नंदिनी लाईमस्टोन खान	छत्तीसगढ़	2680.42

12	हिर्री डोलामाईट खान	छत्तीसगढ़	476.82
13	चासनल्ला कोलियरी	झारखंड	613.59
14	जितपुर कोलियरी	झारखंड	99.32
15	रामनागोर कोलियरी	पश्चिम बंगाल	369.48

(ग) और (घ) : जी, हां, भिलाई, राउरकेला, बोकारो और सेलम स्थित सेल संयंत्रों ने विस्थापित लोगों को रोजगार प्रदान किया है। संयंत्र वार ब्यौरा निम्नवत है:

संयंत्र	विस्थापित श्रेणी के तहत प्रदत रोजगार
भिलाई इस्पात संयंत्र	4468*
राउरकेला इस्पात संयंत्र	6397
बोकारो इस्पात संयंत्र	16000 (लगभग)
सेलम इस्पात संयंत्र	214

*फरवरी, 1986 में जारी डीपीई दिशा-निर्देशों के अनुसार भिलाई इस्पात संयंत्र में विस्थापित लोगों के लिए रोजगार पर वर्ष 1989 से रोक लगा दी गई थी।

(ङ): सेल द्वारा देश में अब तक कोई खान छोड़ी नहीं गई है।

*****